हार्ट केयर

श्री सिद्धि विनायक

अब नियमित सेवाएं मंदसौर में उपलब्ध

हृदय रोगों के उपचार में अंचल का जाना पहचाना नाम

हृदय रोग विशेषज्ञ

डॉ. पवन मेहता

MBBS, M.D. (Medicine) | DM (Cardiology)
Consultant Interventional Cardiology

परामर्श समय -
प्रतिदिन प्रातः 10:00 से सायं 5:00 बजे तक

12, दशपुर कुंज रोड, सिविल हॉस्पिटल के सामने, मंदसौर (म.प्र.) 07422-490333



डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26

ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 155 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | रविवार 17 मार्च 2024 | मूल्य 2 रुपया


## पुलिस -सीबीएन की अलग-अलग कार्रवाई

### नौ किलो 150 ग्राम अफीम जप्त, पांच आरोपी गिरफ्तार

**नीमच, 16 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** सीबीएन ने मुखबीर सूचना पर दो अलग-अलग कार्रवाई करते हुए 6.550 किलो अफीम और एक बाइक जब्त की। मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। वहीं नयागांव पुलिस ने कार में अफीम की तस्करी कर रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार कर 2.600 किलो अफीम व कार जब्त की है। तीनो मामलो में एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/18 में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरु की गई है।

**[ पुलिस ने जप्त की 2.600 किलो अफीम ]**

यह कहा जा रहा है कि पुलिस व सीबीएन ने तीन कार्रवाई में कुल 9.150 किलो अफीम जब्त कर 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया। सीबीएन के अधिकारियों को मुखबीर से सूचना मिली कि सिंगोली तहसील के ग्राम फत्ताखेड़ी निवासी व्यक्ति ने अपने बाड़े में अफीम छिपाकर रखी है। सूचना पर शुक्रवार को सीबीएन की टीम ने संदिग्ध घर व बाड़े में दबिश देकर तलाशी ली और स्टील के बर्तन में मवेशियों के चारे के नीचे छिपाकर रखी 4 किलो अफीम बरामद की। टीम ने अफीम जब्त कर एक आरोपी को एनडीपीएस एक्ट में प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार किया। इसी तरह सीबीएन के अधिकारियों ने बेगु-रतनगढ़ रोड पर एक बजाज पल्सर बाइक को रोककर दो लोगों की तलाशी ली और 2.550 किलो अफीम बरामद की। टीम ने दोनो आरोपियों को गिरफ्तार कर अफीम व बाइक जब्त की।

इसी तरह नयागांव पुलिस ने एक कार से अफीम तस्करी करते 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर 2 किलो 600 ग्राम अफीम जब्त की। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। नयागांव चौकी प्रभारी रामपालसिंह राठौर ने बताया कि टीम को मुखबीर से सूचना मिली कि एक आरोपी जिले से अफीम लेकर पंजाब की तरफ जाने वाला है। सूचना पर पुलिस ने कार नंबर डीएल 8 सी वाय 9505 को रोककर तलाशी ली और 2 किलो 600 ग्राम अफीम जब्त की। पूछताछ में ड्राइवर ने अपना नाम हरमेश उम्र पिता निरंजनसिंह जाति सासी उम्र 45 साल निवासी कलवाणु तहसील पातड़ा थाना गंगा हाल मुकाम बडेचा रोड गांव मुरादपुरा तहसील थाना समाना जिला पटियाला पंजाब बताया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर अफीम व कार जब्त की। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह अफीम भौनीलाल पिता रामकिशन जाति गायरी उम्र 46 साल निवासी मोया थाना तहसील मनासा से लेकर आया है। इसके बाद पुलिस ने भौनीलाल को भी गिरफ्तार किया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

## गूंगे सिस्टम को हरी मिर्ची खिलाने की औपचारिकता मात्र मत कीजिए...

यह बिलकुल वैसा ही मामला है, जो काफी पहले फंतासी किताब में पढ़ा था। किसी स्त्री की बोलने की शक्ति अचानक जाती रही। तब सबसे विश्वसनीय व्यक्ति की मदद ली गई। उसने कहा कि महिला को एक किलो हरी मिर्ची खिलाई जाए। पीड़िता आधी से कम मिर्ची खाकर दर्द के मारे होश खो बैठी। यह देखकर जब विश्वसनीय व्यक्ति से इसकी वजह पूछी गई तो उसने मासूम तरीके से किंतु मूर्खतापूर्ण जवाब दिया, 'यदि तोता हरी मिर्च खाकर अच्छा बोलना सीख सकता है तो फिर इंसान भी तो ऐसा कर ही लेगा।' हालांकि, आज की चर्चा का विषय फंतासी वाला नहीं है। लेकिन बात मिलती-जुलती है। दिखाया यह जा रहा है कि मामला लोकतंत्र के स्वर को शांत होने से रोकने का है, लेकिन इस दिशा में तरीका वही हरी मिर्ची खिलाकर अधकचरे उपाय की बदौलत खुद की पीठ थपथपाने से अधिक और कुछ नहीं है। चुनावी बॉन्ड को लेकर सुप्रीम कोर्ट का निर्णय निश्चित ही सराहनीय और शिरोधार्य है। लेकिन, इस विषय पर जिस तरह का प्रचार किया जा रहा है, वह वस्तुत: हमारी समूची चुनावी प्रक्रिया के ईमानदार अवलोकन के अधूरेपन को रेखांकित करने के लिए पर्याप्त है। बात किसी राजनीतिक दल विशेष को निशाने पर लेने की नहीं है। लेकिन, उदाहरण तो यह बहुत प्रासंगिक है।

प्रकाश भटनागर

दो हजार के दशक की बात है। मध्यप्रदेश के जबलपुर में प्रलयंकारी भूकंप आया। तब राज्य में कांग्रेस की सरकार थी। दिग्विजय सिंह मुख्यमंत्री थे। तब सत्तारूढ़ दल के संगठन ने भोपाल में एक पत्रकार वार्ता की। उसमें कहा गया कि जबलपुर के आपदा पीड़ितों की मदद के लिए राज्य सरकार के सभी मंत्री अपना एक-एक महीने का वेतन दान करेंगे। तब एक पत्रकार ने पूछ लिया, 'केवल वेतन या आय?' पत्रकार वार्ता लेने वालों के पास निर्लज्ज किस्म का ठहाका लगाने के अलावा इस सवाल का और कोई उत्तर नहीं था और यहीं से इस सारे मामले की पड़ताल का पहला सिरा पकड़ा जा सकता है। चुनावी बॉन्ड को लेकर चाहे जो भी कहा गया है, लेकिन यह सत्य है कि इस व्यवस्था ने यह सुनिश्चित किया कि राजनीतिक दलों को दिया गया चंदा किसी व्यक्ति विशेष की बजाय सीधे संबंधित पार्टी के खाते में जाए। इस बॉन्ड से पहले वाली व्यवस्था पर ज़रा गौर कीजिए। केवल मध्यप्रदेश के एक उदाहरण से ही बात समझी जा सकती है। इधर, वर्ष 2003 में दिग्विजय सिंह का दस साल का शासनकाल ख़त्म हुआ और उधर प्रदेश कांग्रेस मानो दाने-दाने की मोहताज हो गयी। हालत यह हुई कि पार्टी संगठन के उन तमाम कर्मचारियों को एक झटके में बाहर का रास्ता दिखा दिया गया, जो बीते लंबे समय से इस दल के लिए दिल से काम कर रहे थे। यह उस समय हुआ, जब इस पार्टी की राज्य इकाई पर पुख्ता तरीके से उन लोगों का नियंत्रण था, जो राघोगढ़ के राजा होने से लेकर छिंदवाड़ा के अरबपति रसूखदार, अगरबत्ती कंपनी सहित तमाम उत्पाद और होटल के स्वामी तथा अन्य नाना प्रकार से आर्थिक रूप से हृष्ट-पुष्ट थे। लेकिन, ये आर्थिक सेहतमंदी इनके अपने-अपने घर तक सीमित होकर रह गयी और पार्टी इस दिशा में फिर बीमारी का ही अभिशाप झेलती रही। यह उस पार्टी का मामला है, जो केंद्र में भी पचास साल से अधिक तक काबिज रही। लेकिन, जैसे ही सत्ता उसके हाथ से गई, वैसे ही वह तंगहाल हो गई। याद कीजिए। बमुश्किल तीन दिन पहले इसी पार्टी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि उनका दल आर्थिक रूप से इस कदर कमजोर हो चुका है कि उसके पास रोजमर्रा के खर्च के लिए भी पैसे नहीं बचे हैं। लेकिन, ये इस दल की स्थिति है। इसके नेताओं या कर्ताधर्ताओं की नहीं। यदि ऐसे में महज अंगुली पर गिनने लायक भर राज्यों में सिमटी कांग्रेस को इस हालत के बाद भी उल्लेखनीय रूप से बॉन्ड का लाभ भाजपा के बाद दूसरे नंबर पर मिल रहा है तो फिर यह सहज रूप से समझा जा सकता है कि इसमें 'स्वेच्छा से देना' और 'अपने तरीके से लेना' के बीच कितना नाममात्र का अंतर रहा होगा।

तो अब चुनावी बॉन्ड पर आएं। निश्चित ही एक अकेले दल के रूप में भारतीय जनता पार्टी को इसका सर्वाधिक लाभ मिला। लेकिन, शेष भाजपा-विरोधी दलों के अलग-अलग हिसाब जोड़ लीजिए। उन्होंने इस बॉन्ड के रूप में भाजपा से ज्यादा प्राप्त किया। इनमें वह दल भी शामिल हैं, जो आकार से लेकर जानाधार की दृष्टि से अपने राज्य या समुदाय से अलग भी कोई औकात नहीं रखते है। तो यदि ऐसी पार्टियों को भी अपनी-अपनी हैसियत से कहीं बढ़कर मिलता दिखे तो यह सहज रूप से समझा जा सकता है कि जिस पार्टी को जहां मौक़ा मिला, उसने वहां मौके का लाभ उठाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। फिर कांग्रेस तो इस मामले में लंबे समय तक 'सदा सुहागन' वाली स्थिति में रही है। वरना यह कैसे मुमकिन था कि उस पार्टी ने स्वतंत्रता के बाद के अधिकतम समय तक देश सहित यहां के तमाम राज्यों पर राज किया, जहां सत्ता के गलियारों से बाहर होते ही वह आर्थिक रूप से तंगहाली वाले कोने में चली गई। निश्चित है वर्तमान में भाजपा के सत्ता में रहने के चलते उसे बॉन्ड के मामले में सर्वाधिक लाभ हुआ है। लेकिन, याद कीजिए। क्या इससे पहले किसी भी समय या जगह पर आपको भाजपा की यह हालत दिखी कि सरकार न होने पर वह पैसे के मामले में लाचार वाली स्थिति में आ जाए? इसकी केवल एक वजह है। भाजपा ने इस व्यवस्था को अनुशासन की तरह लागू किया है कि जो सक्षम लोग उसके साथ हैं, वह तन और मन सहित धन से भी पार्टी के लिए काम करें। और इसमें से एक-एक पाई के लिए कभी भी सुना/कहा नहीं गया कि वह पार्टी की बजाय किसी व्यक्ति विशेष की जेब में गया हो। यही भाजपा और शेष दलों के बीच का वह बड़ा अंतर है, जो चुनावी बॉन्ड की व्यवस्था से परे भी एक दल को आज इतना सक्षम बना चुका है। तो आगे बात यही है कि ऐसे सारे सच के बीच राजनीतिक शुचिता के मामले में जड' तरीके से ही कुछ किया जाए या फिर ऐसा कुछ हो कि मामला समस्या के 'जड़' से निदान वाला हो। इसीलिए यह जरूरी है कि गूंगे सिस्टम को बोलने का इलाज देने की बजाय उसे केवल हरी मिर्च खिलाकर ही काम न चला लिया जाए। (जारी)

## मंदसौर लोकसभा...

# सबसे छोटी जीत 2653 की, बड़ी जीत सांसद सुधीर गुप्ता के नाम

**मंदसौर, 16 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** लोकसभा चुनाव का कार्यक्रम जारी होते ही चुनावी रंग बढ़ने लगा है। प्रशासन भी तैयारियो में जुट गया है। आम चुनाव को देखते हुए प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरु हो गए है। इधर उम्मीदवार के रूप में सांसद को भाजपा ने तीसरी बार रिपीट किया है तो वहीं संभवत: कांग्रेस 18 की शाम को पत्ते खोलेगी। अब बात करें इस सीट के इतिहास की तो यहां सबसे कम मतों की जीत 2653 मतों की रही। सबसे कम मतों से कांग्रेस के भंवरलाल नाहटा जीते थे। वहीं सबसे अधिक पौने चार लाख से अधिक मतों की जीत सांसद सुधीर गुप्ता के नाम रही है।



स्व. श्री भंवरलाल नाहटा 1980 में मात्र 2653 मतों से विजयी रहे थे। जबकि, सांसद श्री सुधीर गुप्ता अपने दूसरे चुनाव वर्ष 2019 में 3 लाख 76 हजार 734 मतों से विजयी हुए थे। श्री गुप्ता 2014 में भी 3 लाख 3 हजार 649 मतों से विजयी रहे थे। अब तक इतने मतों से कोई भी उम्मीदवार विजयी नहीं रहा। आजादी के बाद हुए पहले दो चुनाव 1952 व 1957 में कांग्रेस को जीत मिली। उसके बाद 1962, 1967, 1971, 1977 में जनसंघ भाजपा लगातार जीती। 1980 व 1984 में कांग्रेस दो बार फिर जीती। उसके बाद कांग्रेस को एकमात्र जीत 2009 में मिली। 1989, 1991, 1996, 1998, 1999, 2004 लगातार छह बार भाजपा को जीत मिली।

हैरानी की बात ये है कि लगातार भाजपा की झोली में सांसद देने वाले इस संसदीय क्षेत्र से किसी भी नेता को पार्टी ने केंद्र में मंत्री नहीं बनाया। लोकसभा चुनाव की दृष्टि से देखा जाए तो यहां 17 में से 12 बार भाजपा की जीत हुई है। संसदीय क्षेत्र कांग्रेस के लिए चुनौती रहा है। हालांकि, हैरानी की बात ये है कि हर बार सत्ता को सांसद देने के बाद भी किसी को यहां से केंद्र सरकार में मंत्री नहीं बनाया गया।

### डा. पाण्डेय को तीन बार मिली पराजय...

अब तक हुए 17 लोकसभा चुनाव में 12 बार जनसंघ व भाजपा को लोकसभा चुनाव में जीत मिली है। कांग्रेस ने सिर्फ पांच बार जीत का स्वाद चखा है। कांग्रेस को अंतिम बार जीत 2009 में तब मिली थी, जब प्रत्याशी मीनाक्षी नटराजन ने आठ बार से सांसद रहे भाजपा के डॉ लक्ष्मीनारायण पाण्डेय को हराकर इतिहास रच दिया था। इसके बाद 2014 व 2019 के चुनावों में नटराजन को पराजय का सामना करना पड़ा। वर्ष 1971 से 2009 तक लगातार 11 बार डॉ पाण्डेय जनसंघ व भाजपा के उम्मीदवार रहे। हालांकि आठ बार विजयी रहे डॉ पांडेय को 1980, 1984, व 2009 में पराजय मिली।

### हार के सदमे में कांग्रेस पार्टी...

हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को संसदीय क्षेत्र की आठ में से मात्र एक सीट पर जीत मिली। ऐसे में इस चुनाव में भाजपा अपने पुराने जीत के रिकॉर्ड को कायम रखने मैदान मे उतरी है तो कांग्रेस चाहेगी की वो पराजय के दंश से बाहर आए। नीमच, मंदसौर व जावरा में पार्टी पराजय के सदमे से बाहर नहीं आ पाई है।

# आम चुनावों की दुंदुभी बजी

**[ सात चरणों में होगा मतदान, 4 जून को आएंगे नतीजे ]**




**नई दिल्ली, 16 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** केंद्रीय चुनाव आयोग ने शनिवार को लोकसभा चुनाव 2024 के लिए मतदान की तारीखों का ऐलान कर दिया है। निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव कराने के लिए पुख्ता बंदोबस्त किए गए हैं। दिल्ली के विज्ञान भवन में केंद्रीय चुनाव आयोग की प्रेस वार्ता में घोषणा के साथ ही देश में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने बताया कि 12 राज्यों में महिला मतदाताओं का अनुपात पुरुष मतदाताओं से अधिक है। चुनाव आयोग ने घोषणा की कि लोकसभा चुनाव 7 चरणों में होंगे। नतीजे 4 जून को आएंगे। मध्य प्रदेश में चार चरण में वोटिंग होगीष्ट यूपी, बिहार और पश्चिम बंगाल में सात चरणों में वोटिंग होगी। मंदसौर लोकसभा के लिए 13 मई को मतदान होगा।

### फैक्ट फाईल...

✻ 21.50 करोड़ युवा मतदाता होंगे शामिल ✻ 88.4 लाख दिव्यांग मतदाता ✻ 82 लाख वोटर्स 85 साल से अधिक उम्र के ✻ 2 लाख से अधिक वोटर्स की उम्र 100 साल से ज्यादा ✻ 48 हजार ट्रांसजेंडर मतदाता भी करेंगे मतदान

### किस राज्य में कितने चरण में चुनाव...

एक चरण में मतदान - अरुणाचल प्रदेश, अंडमान निकोबार, आंध्र प्रदेश, चंडीगढ़, दादरा और नगर हवेली, दिल्ली, गोवा, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, केरल, लक्षद्वीप, लद्दाख, मिजोरम, मेघालय, नागालैंड, पुडुचेरी, सिक्किम, तमिलनाडु, पंजाब, तेलंगाना, उत्तराखंड

✻ 2 चरण में मतदान - कर्नाटक, राजस्थान, मणिपुर ✻ 3 चरण में मतदान - छत्तीसगढ़, असम ✻ 4 चरण में मतदान- ओडिसा, मध्य प्रदेश, झारखंड ✻ 5 चरण में मतदान - महाराष्ट्र, जम्मू कश्मीर, ✻ 7 चरण में मतदान - उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल

### इस-इस तारीख को होंगा मतदान...

✻ पहला चरण- 19 अप्रैल 2024 को वोटिंग ✻ दूसरा चरण- 26 अप्रैल 2024 को वोटिंग ✻ तीसरा चरण- 7 मई 2024 को वोटिंग ✻ चौथा चरण- 13 मई 2024 को वोटिंग ✻ पांचवां चरण- 20 मई 2024 को वोटिंग ✻ छठा चरण- 25 मई 2024 को वोटिंग ✻ सातवां चरण- 1 जून 2024 को वोटिंग ✻ मतगणना 4 जून को

### यह है मतदान का शेड्यूल...

19 अप्रैल : सीधी, शहडोल, जबलपुर, मंडला, बालाघाट, छिंदवाड़ा।
26 अप्रैल : टीकमगढ़, दमोह, खजुराहो, सतना, रीवा, होशंगाबाद, बैतूल।
07 मई : मुरैना, भिंड, ग्वालियर, गुना, सागर, विदिशा, भोपाल, राजगढ़।
13 मई : देवास, उज्जैन, मंदसौर, रतलाम, धार, इंदौर, खरगोन, खंडवा।

### प्रदेश में पांच करोड़ 64 लाख से ज्यादा मतदाता...

प्रदेश में इस बार पांच करोड़ 64 लाख 15 हजार 310 मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव की तुलना में देखें तो प्रदेश में लगभग 50 लाख मतदाता बढ़े हैं। पिछले साल नवंबर में हुए विधानसभा चुनाव के वक्त प्रदेश में 5 करोड़ 60 लाख मतदाता थे।

### एमपी में 4 चरणों में होगा मतदान...

केंद्रीय निवार्चन आयुक्त ने लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया है। चुनाव की घोषणा के साथ ही देश के साथ-साथ प्रदेश में भी आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। देश में कुल सात चरणों में मतदान होगा। मप्र में पहले चरण के साथ ही मतदान की प्रक्रिया प्रारंभ हो जाएगी। इसके लिए 20 मार्च को अधिसूचना जारी होगी और 30 मार्च तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। 19 अप्रैल को पहले चरण का मतदान होगा। प्रदेश में कुल चार चरणों में मतदान होगा। बता दें कि वर्ष 2019 में हुए पिछले लोकसभा चुनाव में भी प्रदेश की 29 लोकसभा सीटों पर चार चरणों में मतदान हुआ था।



**अनदेखी**–शनिवार की शाम आचार संहिता लागू होने के बाद करीब 6.30 बजे मध्यप्रदेश सरकार लिखे वाहन पर इस तरह का स्टीकर लगा था।

## टीआई राठौर को कोतवाली की कमान

### पुलिस चौकियों पर थानेदारों की नियुक्ति

मंदसौर, 16 मार्च गुरु एक्सप्रेस। जिले के थाने और चौकियों पर थानेदारों की नियुक्ति की गई है। इसमें कोतवाली पर किशोर पाटनवाला के प्रमोशन के साथ स्थानांतरण के बाद यहां की कमान पुष्पेंद्रसिंह राठौर को दी गई है। जबकि, वरुण तिवारी को नई आबादी थानाप्रभारी बनाया गया है। वहीं नई आबादी से टीआई रमुंडा कटारा को फिलहाल लाईन में भेजा गया है। अभिषेक बोरासी को मुल्तानपुरा चौकी प्रभारी बनाया गया है। वहीं पिपलिया मंडी चौकी का प्रभार कपिल सौराष्ट्रीय को दिया गया है।






# जो नेता डर कर भाजपा में समाए थे बचने के लिए अब घुटन महसूस कर रहे होंगे..!

**मंदसौर/उज्जैन, 16 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** बीते पांच सालों में अनेक राजनीतिक दलों के दर्जनों कार्यकर्ता, पदाधिकारी में से कुछ स्वेच्छा से तो अधिकांश केंद्र सरकार की एजेंसियों की कार्रवाइयों के डर से भाजपा में शामिल हो गए थे। इस तरह के दल बदल संरक्षण प्रक्रिया से कुछ प्रदेशों की सरकारें तक उलट गई थी। समीक्षकों ने इस प्रक्रिया को ऑपरेशन लोटस नाम दिया है। क्योंकि, दल बदल संरक्षण प्रक्रिया के बाद संरक्षण पाने वालों की मदद से सिर्फ भाजपा समर्थित सरकारें ही बनी है और दूसरे दलों की सरकारें गिरी थी। पूरे देश के नागरिक और राजनीतिक और चौथे स्तंभ ने ऐसी दर्जनों घटनाएं देखी निहारी भी आलोचना भी की। ऐसे प्रत्येक दल बदल में चाहे वह किसी भी राज्य में या केंद्र शासित राज्य में हुआ हो एक बात समान रूप से सामने आती रही कि विधायकों की खरीद फरोख्त बड़ी राशि देकर की जाती रही है। ऐसा करने के आरोप सिर्फ भाजपा पर लगते रहे। क्योंकि, सरकारें दूसरे दलों की बिगड़ती रही, सब जगह बनी सिर्फ भाजपा समर्थित सरकारें। इसलिए करोड़ों रुपए की खरीद फरोख्त हुई हो या ना हुई हो पर आरोप को चर्चाओं में वजनदार स्थान मिला हुआ है।



चन्द्रमोहन भगत

ऐसा हो भी सकता है, क्योंकि जिन लोगों ने ऐसा किया, कराया और भुगता वह भी भारतीय नागरिक थे और देख सुन रुचि लेने वाले हम सब भी। यह बातें बहुत प्रभावशाली तरीके से उठ रही थी कि एक सरकार गिरा कर अपनी बनाने के लिए सैकड़ो हजारों करोड़ रूपया राजनीतिक दल कहां से कैसे लाते रहे हैं! पहले अंदाज और चर्चाओं का सहारा लिया जाता था पर पिछले तीन दिनों से इलेक्टोरल बांड पर सुप्रीम कोर्ट के जज के निर्णय ने जैसे पूरे मामले की परतें खोलकर देश के सामने रख दिया है की आंखें हो तो देख लो। अंदाज, चर्चा, कारवाइयां और जुमले पर भरोसा मत करो, परतें खुलने लगी है और भी खुलेगी?

राजनीतिक जगत में चर्चा के विषय में अब यह विषय भी प्रमुखता से शामिल हो गया है कि अभी तक कांग्रेस, एनसीपी, टीडीपी, शिवसेना जैसी भाजपा विरोधी दलों के जितने भी नेता ईडी, इनकम टैक्स, सीबीआइ जैसे विभागों की कार्रवाइयों से डर कर अपने दलों को छोड़कर अपनी सरकार गिरा कर भाजपा में शामिल हुए थे। इलेक्टोरल बांड के चंदे का भंडाफोड़ होने के बाद जब भारतीय स्टेट बैंक के दस्तावेजों को चुनाव आयोग उजागर करने वाला है। अभी तक जितने दस्तावेज सार्वजनिक हुए हैं, उनसे यह स्पष्ट होता जा रहा है कि इलेक्टोरल बांड के माध्यम से सबसे ज्यादा चंदा भाजपा को मिला है। दर्जनों मामले तो ऐसे हैं कि जिन कंपनियों की करोड़ों की संपत्तियां ईडी और इनकम टैक्स राजसात कर चुकी थी, उसी कंपनी ने भाजपा को इलेक्टरल बांड के माध्यम से चंदा देने के बाद जब्त संपत्ति वापस की और क्लीन चिट भी दे डाली।

ऐसे अनेक प्रकरण भी एसबीआई द्वारा जमा कराए गए प्रमाणित दस्तावेजों में उपलब्ध है जो सतह पर सार्वजनिक होने लगे हैं। इसी कारण आम चर्चा में इन बातों को बल मिल रहा है कि विपक्ष के जितने भी नेता ईडी, इनकम टैक्स, सीबीआई की कार्रवाई के डर से भाजपा में शामिल हुए थे वह अब घुटन महसूस कर रहे होंगे? क्योंकि, आम चर्चा है कि जिन लोगों ने भ्रष्टाचार कर पैसा कमाया था वे ही सैकड़ो करोड़ों के इलेक्टोरल बांड खरीद चुके हैं और आर्थिक भ्रष्टाचार के आरोपों की कार्यवाही से फ्री भी हो चुके हैं।

## दशनाम गोस्वामी समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन को लेकर बैठक आज

**मंदसौर, 16 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** दशनाम गोस्वामी समाज द्वारा मालवा-मेवाड़ सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन दिनांक 12 मई 2024 को किया जा रहा है। सम्मेलन की तैयारियों को लेकर समाज की एक महत्वपूर्ण मीटिंग आज 17 मार्च रविवार को प्रात: 11 बजे ग्राम तुरकिया में आयोजित की जाएगी। दशनाम गोस्वामी समाज अध्यक्ष मांगूपुरी कचनारा ने बताया कि बैठक में विवाह पंजीयन, कार्य विभाजन, प्रत्येक मंडल से दस दस कार्यकर्ताओं के नाम मण्डल महंत सा मीटिंग में देने सहित सामूहिक विवाह सम्मेलन से संबंधित विषयों पर चर्चा की जाएगी। बैठक में सभी समाजजनों से उपस्थित होने का निवेदन किया है।

## अभा तेली महासभा की प्रदेश कार्यकारिणी का हुआ विस्तार

**मंदसौर, 16 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** अखिल भारतीय तेली महासभा मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष तेली राधेश्याम अस्तोलिया ने प्रदेश की कार्यकारिणी का दूसरेचरण में विस्तार किया। जिसमें मंदसौर के समाजसेवी ओमेश राठौर को महासभा का प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष मनोनीत किया। साथ जी प्रदेश अध्यक्ष श्री अस्तोलिया ने तेली प्रतिकरोजा को प्रदेश उपाध्यक्ष, तेली उमेश राठौर को जबलपुर संभाग प्रभारी, तेली महेश सोलंकी को उज्जैन संभाग प्रभारी मनोनीत किया है। ओमेश राठौर के कार्यकारी अध्यक्ष मनोनीत होने पर कैबिनेट मंत्री, राष्ट्रीय मुख्य संरक्षक, रविकिरण साहू व साथियों ने, ओमेश राठौर को माला पहना बूके भेटकर शानदार स्वागत किया तथा समस्त राठौर तेली समाज राजस्थान, एमपी, जबलपुर, उज्जैन नीमच, बड़वानी में खुशी की लहर एवं हर्ष का माहौल है।

## जिले के सभी विश्राम गृह अधिग्रहित

**नीमच, 16 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर एवं जिला दण्डारधिकारी श्री दिनेश जैन व्दारा जारी आदेशानुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 को दृष्टिगत रखते हुए निर्वाचन की घोषणा की जा चुकी है। जिसके अनुसार निर्वाचन क्षेत्रों में 16 मार्च 2024 से निर्वाचन समाप्ति तक के लिए आदर्श आचार संहिता लागू की गई है। अत: नीमच स्थित शासकीय अफीम एवं क्षारोद कारखाना, केंद्रीय लोक निर्माण विभाग, लोक निर्माण विभाग, पश्चिम रेल्वें, भारतीय दूरसंचार निगम एवं वन विभाग के स्था नीय सभी विश्रामगृह अन्या आदेश होने तक के लिए अधिग्रहित किए गये है। उत्तानुसार अधिग्रहित विश्रामगृह का कोई भी कक्ष जिला निर्वाचन कार्यालय की बिना अनुमति के आवंटित नहीं किया जावेगा। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

## सभी शस्त्र लाइसेंसधारी अपने शस्त्र 23 मार्च तक जमा कराए- कलेक्टर

**नीमच, 16 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** लोकसभा निर्वाचन, 2024 के कार्यक्रम की घोषणा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा की जा चुकी है तथानिर्वाचन प्रक्रिया प्रारम्भ होने के साथ आदर्श आचरण संहिता भी लागू हो गई है। लोकसभा निर्वाचन स्व तंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्वक सम्पन्न कराने के लिए आयुध अधिनियम, 1959 की धारा-17 की उपधारा-3 (ख) के तहत कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री दिनेश जैन द्वारा सम्पूर्ण जिले की सीमा मे समस्त लायसेंसधारियों के शस्त्र लायसेंस निलंबित करते हुए समस्त लायसेंस, दर्ज शस्त्र सहित 23 मार्च 2024 को संबंधित थाने में निर्धारित दिनांक तक जमा कराने के निर्देश दिये है। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री दिनेश जैन ने उक्त संबंध में स्पष्ट किया है, कि सभी लायसेंसी शस्त्रधारी अपने शस्त्र 23 मार्च 2024 तक अनिवार्य रूप से जमा करावें। अन्यथा की स्थिति में आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही की जावेगी।

## प्रगतिरत अथवा स्वीकृत कार्यो की जानकारी तत्काल भेजने के निर्देश

**नीमच, 16 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली व्दारा 16 मार्च 2024 को आगामी लोकसभा निर्वाचन, 2024 के लिए निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा की जा चुकी है। निर्वाचन की घोषणा के साथ आदर्श आचार संहिता भी प्रभावशील हो चुकी है। कलेक्ट्र श्री दिनेश जैन ने सभी जिला अधिकारियों को निर्देश दिए है, कि वे अपने विभाग से संबंधित विभिन्ने योजनाओं के अंतर्गत प्रगतिरत अथवा स्वीशकृत कार्यो, निर्माण कार्यो की जानकारी तत्कील डिप्टीक कलेक्टयर एवं नोडल अधिकारी कंट्रोल रूम सुश्री किरण आंजना को अनिवार्य रूप से उपलब्ध करावें।

# धर्मधाम गीता भवन में फूलों, गुलाल व रंगों से सराबोर श्री कृष्ण, राधा प्रेम पर्व फाग उत्सव मना

**मंदसौर, 16 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** धर्मधाम गीता भवन में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्री कृष्ण राधा प्रेम भक्ति एवं बुराईयों पर अच्छाई की जीत के पर्व होलिका उत्सव के तहत फाग महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। गीता भवन के संस्थापक अध्यक्ष स्वामी श्री रामनिवासजी महाराज के मार्गदर्शन में ज्योतिषज्ञ दीदी लाड़कुंवरजी की प्रेरणा व नेतृत्व में फाग महोत्सव पर्व श्रद्धा, भक्ति के साथ आनन्द पूर्ण वातावरण में मनाया गया। जिसमें बड़ी संख्या में माता बहनों ने फूलों, गुलाल के साथ भजन, संगीत तथा नृत्य के साथ फाग महोत्सव मनाया। गीता भवन महिला सत्संग मण्डल की श्रीमती विद्या उपाध्याय, पुष्पा पाटीदार, अंजू तिवारी, पूजा बैरागी, रानू विजयवर्गीय, सरिता विजयवर्गीय, सीमा नागर, सुधा फरक्या, अनुपमा बैरागी, नैयना हड़पावत, चंदा विजयवर्गीय, रेखा बोहरा कैसर तिवारी,



गंगादेवी अग्रवाल, अनु पाटीदार, कविता, आशा फरक्या, संतोष सोनी, मनोरमा, पुष्पा, कांताबेन, सुशीला नागर, पार्वती, निर्मला देवड़ा, पुष्पा गौड़, शांतिबाई देवड़ा, संगीता हेमलता गेहलोद, इन्द्रा बड्डनिया, रश्मि फरक्या, जया सोहनकुंवर, नित्या सोनी, शांति गुप्ता, रमिला बैरागी, मुन्नी उदिया, मंजू बाई, बादाम बाई, उमा रानी, आराधना शर्मा, प्रियंका पंचारिया, श्रद्धा जोशी, अर्चना, हरदेवी, मनीषा चाष्टा, अंतिमबाला मुजावदिया, राधा शर्मा, रेखा जोशी, गायत्री पोरवाल, साधना पोरवाल, ललिता सम्पत विमला नागदा, अयोध्या बैरागी, आदि ने भाग लिया। इस अवसर पर गीता भवन के उपाध्यक्ष जगदीश चौधरी, सचिव पं. अशोक त्रिपाठी, पुजारी अभिषेक शर्मा, पूजा बैरागी, शंभू सेन, सुनीता शर्मा ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। स्वल्पाहार प्रसाद के साथ आयोजन सम्पन्न हुआ।

## शासकीय व अशासकीय भवनों/ संपत्तियों पर नारे लिखना व बैनर लगाने पर होगी सख्त कार्यवाही

**मंदसौर, 16 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिलीप कुमार यादव ने आदेश जारी करते हुए सभी को निर्देशित किया कि शासकीय व अशासकीय भवनों/ संपत्तियों पर नारे लिखे जाते हैं। बैनर लगाए जाते हैं, पोस्टर चिपकाए जाते हैं। विद्युत एवं टेलीफोन के पोल पर चुनाव प्रचार से संबंधित झंडियां, बैनर लगाए जाते हैं। जिसके कारण शासकीय संपत्ति का स्वरूप विकृत हो जाता है। इस संबंध में शासन द्वारा मध्य प्रदेश संपत्ति विरूपण निवारण अधिनियम 1994 के तहत कार्यवाही की जाएगी। इस अधिनियम की धारा 3 में उल्लेख है कि कोई भी संपत्ति के स्वामी की लिखित अनुज्ञा के बिना सार्वजनिक दृष्टिमें आने वाली किसी भी संपत्ति को स्याही, रंग या किसी अन्य पदार्थ से लिखकर या चिन्हित करके उसे विरूपित करने पर जुर्माने से जो 1 हजार तक का हो सकेगा दंडनीय होगा। शासकीय कार्यालय एवं शासकीय भवन की दीवारों पर किसी भी प्रकार के नारे लिखकर विकृत किया जाता है। विद्युत एवं टेलीफोन के पोल पर झंडियां लगाई जाती हैं अथवा ऐसे पोस्ट एवं बैनर लगाकर शासकीय संपत्ति को विकृत किया जाता है तो ऐसे पोस्टर एवं बैनर हटाने के लिए जिले के प्रत्येक थाने में लोक संपत्ति सुरक्षा दस्ता तत्काल प्रभाव से कार्यवाही करेगा।

## मिक्सर मशीन के चपेट में आने से महिला की मौत, एक घायल

**पिपलियामंडी, 16 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** पुलिया निर्माण कार्य के दौरान मटेरियल मिलाने वाली मिक्सर मशीन की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई, वहीं एक महिला घायल हो गई। जानकारी के अनुसार शानिवार शाम 6 बजे करीब बूढ़ा-गर्रावद मार्ग पर यह हादसा हुआ। पुलिया निर्माण कार्य चलने के कारण गर्रावद निवासी महिला यशोदाबाई (35) पति प्रहलाद सूर्यवंशी व रुकमणबाई (40) पति गोर्धन सूर्यवंशी बाइक से नीचे उतरकर पैदल सड़क पर जा रही थी, इस दौरान मिक्सर मशीन के ड्राइवर ने मशीन को पीछे ले लिया, इससे दोनों महिला चपेट में आने से गंभीर घायल हो गई। सूचना पर पुलिस भी मौके पहुंची, दोनों महिलाओं को एम्बूलेंस से मंदसौर जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने यशोदाबाई को मृत घोषित कर दिया। वहीं रुकमणबाई का इलाज जारी है।

## कलेक्टर ने लगाया अवकाश पर प्रतिबंध

**नीमच, 16 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** जिले में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिनेश व्दाभरा लोकसभा निर्वाचन कार्य को दृष्टिगत रखते हुए नीमच जिले के सभी अधिकारियों/कर्मचारियों के अवकाश पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाया गया है। कोई भी अधिकारी/कर्मचारी जिला निर्वाचन कार्यालय की पूर्वानुमति के बगैर अवकाश पर नहीं जायेगें और न ही मुख्यालय छोडेगें। शासकीय/सार्वजनिक अवकाश के दिनों में भी कार्यालय निरन्तर चालू रखेगें। निर्वाचन संबंधी डाक प्राप्ति हेतु गैर कार्यालयीन समय एवं दिवस हेतु एक व्यक्ति को नामित करें व उसके नाम तथा मोबाईल नंबर का प्रदर्शन कार्यालय के मुख्य द्वार अथवा सूचना पटल पर किया जावेगें। इस संबंध में जारी आदेशानुसार निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही जिले में आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो गई है, अत: समस्त शासकीय सेवक निर्वाचन अवधि के दौरान आयोग द्वारा समय-समय पर जारी, शासकीय सेवकों के लिए निर्धारित आदर्श आचार संहिता का पालन सुनिश्चित करेंगे। किसी भी शासकीय सेवक द्वारा आचार संहिता के उल्लंघन की दशा में उसके विरूद्ध योग्य वैधानिक कार्यवाही की जावेगी। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।



# शिक्षा ही मनुष्य को मंजिल तक पहुंचाती है-डा.जैन

**भानपुरा, 16 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** स्व.डॉ. आर.एम.सोजतिया संस्थान द्वारा संचालित कॉलेज ऑफ़ फार्मेसी एवं कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन के संयुक्त विशेष कार्यक्रम मे अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त चिकित्सा विज्ञानी एवं प्रख्यात गेस्ट्रोइंट्रोलोजीस्ट, सी एच एल इंदौर, डॉ नीरज जैन ने प्रमुख अतिथि के रूप मे अपने विचार व्यक्त करते हुए अपने प्रेरक व्याख्यान मे छात्रों की प्रगति के लिये आवश्यक तपस्या को रेखांकित करते हुए कहा की आज के इस प्रतिस्पर्धा के युग मे अपना मुकम्मल मुकाम हासिल करने के लिये शिक्षा ही एक मात्र ऐसा साधन है जो मनुष्य को भीड़ मे अलग अपनी पहचान दिलाती है।

डॉ. नीरज जैन ने अपने जीवन के प्रसंग को सुनाते हुए कहा की 17-18 घंटे अध्ययन करने के बाद 17 साल से अधिक समय तक कठोर अध्ययन कर उन्होंने यह स्थान प्राप्त किया है। इनके साथ आये इंदौर मेडिकल कॉलेज मे हेड ऑफ डिपार्टमेंट डॉ. मनिला जैन और इनकी पुत्री, डर्मेटोलॉजिस्ट डॉ नवनी जैन न्यू दिल्ली, श्री राकेश बजाज एव विजेंद्र रघुवंशी व अतिथिजनों का आत्मीय स्वागत संस्थान की ओर से श्रीमती उर्मिला सोजतिया द्वारा किया गयों इस अवसर पर डॉ. प्रधुमन भट्ट ने सोजतिया परिवार के पित्र पुरुष स्व डॉ रावतमलजी सोजतिया के अवदान का उल्लेख करते हुए अंचल के पुरातत्व की जानकारी प्रदान की। आर.एस. टेलर ने कविता के माध्यम से सम्बोधन कियों स्वागत भाषण प्राचार्य डॉ. अजय बघेरवाल के कियों कार्यक्रम का आरम्भ माँ शारदा एवं स्व. डॉ. रावतमलजी सोजतिया की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। लबरेज भरे सभागार मे डॉ. नीरज जैन के प्रेरक एवं यादगार उद्बोधन ने छात्रों को प्रभावित किया। अतिथिजनों का आभार फार्मेसी के प्रोफेसर असलम अगवान ने माना। इस अवसर फार्मेसी कॉलेज एवं एजुकेशन कॉलेज के छात्र छात्रा एवं स्टाफ उपस्थित रहे।

## श्री सनातन धर्म मंडल युवा कार्यकारिणी गठित

**भानपुरा, 16 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** नगर सनातन धर्म मंडल अध्यक्ष के तत्वाधान में नवयुवक सनातन धर्म मंडल युवा इकाई कार्यकारिणी का गठन हुआ अध्यक्ष दिवांशु घोटु भाना द्वारा कार्यकारिणी की घोषणा की गई कार्यकारिणी मे उपाध्यक्ष जीतू गुर्जर, अर्जुन चंद्रेसिया, ऋषभ बैरागी को नियुक्त किया गया सचिव पद पर सूर्य प्रकाश भट्ट को नियुक्त किया गया सह सचिव पद पर पवन काला नवीन माली अजय बगड़िया व प्रदीप लोटिया को नियुक्ति किया गया वहीं संगठन मंत्री जयेश राठौर, अर्जुन बागडी, विनोद गौड़, कन्हैयालाल मेघवाल, गौरव शर्मा, विजय विश्वकर्मा अभिषेक प्रधान को नियुक्ति दी गई मीडिया प्रभारी केतन तिवारी और रोहित विश्वकर्मा सुनील माली पवन चौधरी को बनाया गया विशेष सलाहकार पवन उपाध्याय, धनराज चौहान अनिल राठौर, जयंत जोशी, शीतल भूटानी को नियुक्त किया गया व्यवस्था प्रमुख की भी नियुक्ति की गई सभी नगर वासियों ने दायित्त्ववान पदाधिकारी गण को बधाई शुभकामनाएं प्रेषित की

## सिंहस्थ से पहले उज्जैन में बनेगा मध्य प्रदेश का सबसे बड़ा रनवे, अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें होंगी संचालित

**भोपाल, 16 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** मध्य प्रदेश सरकार ने सिंहस्थ 2028 के तैयारी शुरू कर दी है। सिंहस्थ के लिए उज्जैन शहर को अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया जा रहा है। इसी क्रम में अब सिंहस्थ के लिए उज्जैन में प्रदेश का सबसे बड़ा रन-वे बनाया जाएगा। बाबा महाकाल की नगरी में बनाए जाने वाले इस रनवे की लंबाई 3600 मीटर होगी। इसमें अंतरराष्ट्रीय उड़ाने भी संचालित हो सकेंगी। राज्य सरकार ने इसकी कार्य योजना तैयार कर ली है। इसकी कुल लागत 750 करोड़ रुपये आंकी गई है।

उज्जैन का हवाई पट्टी दताना में है और इसे भारत सरकार के एयरपोर्ट अथारिटी ऑफ इंडिया को सौंपने के लिए केंद्र से पत्राचार चल रहा है। उज्जैन के ही वाकणकर पुल के पास स्थाई हेलीपेड का निर्माण भी किया जाएगा और डीआरपी लाइन स्थित हेलीपेड के पास लाउंज बनाया जाएगा।

**सिंहस्थ प्रकोष्ठ का गठन-** मध्य प्रदेश जल संसाधन विभाग ने उज्जैन में वर्ष 2028 में आयोजित होने वाले सिंहस्थ में विभाग द्वारा किए जाने वाले कार्यों के प्राप्त प्रकरणों की तकनीकी स्वीकृति/ प्रशासकीय स्वीकृति के परीक्षण के लिए सिंहस्थ प्रकोष्ठ का गठन किया है। इसमें नोडल अधिकारी के रूप में कार्यपालन यंत्री कार्यालय प्रमुख अभियंता सतीश तलैया, सहायक नोडल अधिकारी और सहायक यंत्री कार्यालय प्रमुख अभियंता प्रवीण कुमार मालवीय तथा सहायक यंत्री कार्यालय मुख्य अभियंता बोधी भोपाल समीर सोनी को नियुक्त किया है।

# विबोध प्रीस्कूल में एनुअल ग्रेजुएशन डे सम्पन्न, पुरस्कार दिये

**मंदसौर, 16 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** आजकल महानगरों एवं शहरों में प्राथमिक शिक्षा से पहले प्ले और नर्सरी स्कूल का महत्व बढ़ा है, शिक्षा और शिक्षण में बदलाव से नन्हे मुन्नों का बचपन प्रभावित नहीं हो यह ध्यान समाज और अभिभावकों को रखना होगा यह कहा सामाजिक चिंतक एवं वरिष्ठ पत्रकार श्री कोमलसिंह तोमर ने।

आप मंदसौर के अभिनंदन नगर स्थित विबोध प्रीस्कूल में आयोजित एनुअल ग्रैजुएशन डे समारोह को संबोधित कर रहे थे। अध्यक्षता सी ए जिला मंदसौर चैप्टर सचिव एवं पूर्व लॉयन्स झोनल चैयरमेन श्री विकास भंडारी ने की। श्री तोमर ने कहा कि विचार, व्यवहार बदले हैं, जेनेटिक्स थॉट्स में भी अंतर आये हैं बच्चों का बचपन, खेल छूटे नहीं यह जिम्मेदारी अभिभावकों, समाज और स्कूलों की है। मोबाइल से दूरी और खेलों से नजदीकी उन्नति में कारगर रहेंगे। क्योंकि भारत में ओसत आयु कम हुई है तकनीक में वृद्धि हुई पर यह उपयोगी बने ध्यान रखें। आपने विबोध स्कूल में इस विषय का ध्यान कर उचित और बच्चों के प्रति उद्देश्यपूर्ण बताया तथा प्रबंधन की सराहना की।

अध्यक्षता कर रहे सी ए श्री भंडारी ने कहा छोटे बच्चों के लिए शिक्षा से अधिक



संस्कार महत्वपूर्ण है। लोकव्यवहार, नैतिकता, अनुशासन और अन्य गतिविधियां बच्चों के सर्वांगीण विकास में बहुत सहायक सिद्ध होगी। आपने जापान में प्रचलित मॉड्यूल के बारे में बताया कि कम आयु के बच्चों को स्वयं के काम को स्वयं करने को प्रेरित किया जारहा है, बचपन की नींव ही व्यक्तित्व निर्माण का सुदृढ़ आधार तैयार करेगी आज पीढ़ी के सामने चुनौती मल्टीटास्किंग और मल्टीचेलेगिंग होरही है, एकेडमिक ज्ञान ही पर्याप्त नहीं अन्य क्षेत्रों में भी परफॉर्मेंर्स जरूरी होगया है। जनपरिषद जिला संयोजक एवं वरिष्ठ पत्रकार डॉ घनश्याम बटवाल ने कहा नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति प्रभावशील होरही है तदनुसार शिक्षण संस्थाओं, संबंधित विभागों में प्रक्रिया परिवर्तन होरहे हैं इसके लिए तैयार रहना होगा। आपने विबोध स्कूल की विभिन्न वार्षिक गतिविधियों को सराहा और स्कूल के बच्चों और स्टॉफ को भविष्य के प्रति शुभकामनाएं दी। एनुअल ग्रैजुएशन डे समारोह में विबोध प्रीस्कूल की वार्षिक एक्टिविटी में श्रेष्ठप्रदर्शन करने वाले 30 से अधिक बालक - बालिकाओं को अतिथियों के हाथों स्मृति चिन्ह, मोमेंटो एवं प्रमाण पत्र प्रदान किये गए। आरम्भ में विबोध स्कूल के बच्चों ने गीत, कविता एवं प्रार्थना प्रस्तुत की। विबोध प्रीस्कूल प्रिंसिपल श्रीमती श्रुति बटवाल ने स्वागत संबोधन में स्कूल एक्टिविटी, शिक्षण व्यवस्था और बच्चों के प्रदर्शन की जानकारी दी। आपने बताया कि विबोध के प्रयास हैं कि पढ़ाई ही नहीं अन्य सभी श्रेष्ठ गतिविधियों में भी स्कूल के बच्चे अग्रणी बनकर उभरें। समारोह में श्रेष्ठ शिक्षक अवार्ड रीना सोनी एवं उमा खुतवाल को प्रतीक चिन्ह शील्ड अतिथियों ने प्रदान किये। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे, अभिभावक, गणमान्य जन के साथ श्रीनिवास मौड़, नंदलाल राठौर कुंती पचेहरा, चेतना शर्मा, गौरव सोनी, अमनप्रीत कौर, माही भावसार दीप्ति जागरी, विक्रम सिंह, नीतू तंवर भरत ब्रिजवानी सहित अन्य उपस्थित थे। अतिथियों का स्वागत विबोध प्रीस्कूल डायरेक्टर अभिषेक बटवाल प्रबंधक गौरव सोनी एवंअन्य नेकिया।

## आचार संहिता लागू होते ही संपत्ति विरूपण की कार्यवाही प्रारंभ करें-कलेक्टर

**मंदसौर, 16 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए आदर्श आचरण संहिता लागू होने के पूर्व प्रशिक्षण सह बैठक कुशाभाऊठाकरे ऑडिटोरियम में आयोजित की गई। बैठक के दौरान कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव, पुलिस अधीक्षक श्री अनुराग सुजानिया, वन मंडल अधिकारी, अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल, एडिशनल एसपी श्री गौतम सिंह सोलंकी, सेक्टर अधिकारी, पुलिस मजिस्ट्रेट मौजूद थे। प्रशिक्षण डॉ जेके जैन द्वारा प्रदान किया गया।

प्रशिक्षण के दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री यादव द्वारा कहा गया कि लोकसभा निर्वाचन के लिए आदर्श आचरण संहिता लागू होते ही संपत्ति विरूपण की कार्यवाही प्रारंभ की जाए। प्रशिक्षण को अच्छे से ग्रहण करें। अगर कोई समस्या हो तो तुरंत पूछे। हर प्रशिक्षण से कुछ न कुछ नया सीखने को मिलता है, उसको ग्रहण करें। आचार संहिता लागू होने के बाद पुलिस एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट अच्छे से एक्टिव हो जाए। सभी लोग आचार संहिता की एसओपी का पालन करें तथा सभी से करवाए और अच्छे से काम करें। एफएसटी टीम के पास में खुद की जानकारी होनी चाहिए। एफएसटी दूसरों के द्वारा दी जाने वाली जानकारी पर निर्भर ना रहे, हर कर्मचारी ड्यूटी अच्छे से करें। संपत्ति विरूपण की कार्यवाही को सीईओ एवं सीएमओ व्यक्तिगत रूप से भी अच्छे से देखें। पुलिस अधीक्षक श्री सुजनिया द्वारा कहा गया कि हर चुनाव में कुछ नया सीखने को मिलता है। इसलिए प्रशिक्षण को अच्छे से ग्रहण करें। चुनाव एक बड़ी प्रक्रिया है। इसमें कोई गलती ना हो इस बात का विशेष तौर पर ध्यान रखा जाए। प्रशिक्षण के माध्यम से कार्यों के बारे में एक तरह से रिहर्सल की जाती है, उसे रिहर्सल को अच्छे से करें।

## मुजाल्दा व गेहलोत को निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरतने पर नोटिस जारी

**नीमच, 16 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिनेश जैन व्दारा निर्वाचन कर्तव्यों के निर्वहन में घोर लापरवाही एवं वरिष्ठ के आदेशों की अवहेलना करने पर उपयंत्री नगर परिषद डिकेन श्री प्रवीण मुजाल्दा एवं रतनगढ के रेंजर श्री पीएल गेहलोत को कारण बताओं सूचना पत्र जारी किया गया है, कि क्यों न उनके विरूद्ध सेवा (आचरण) नियमावली, 1969 (यथा संशोधन दिनांक 31.08.2012) की धारा-3 क की उपधारा (6) के तहत अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावे? इस संबंध में उक्त दोनो को अपना स्पष्टीकरण कारण बताओ सूचना-पत्र की प्राप्ति से 03 दिवस में समक्ष उपस्थित होकर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। अनुपस्थिति अथवा स्पष्टीकरण प्रस्तुत न करने की दशा में उनके विरूद्ध एक पक्षीय योग्य वैधानिक कार्यवाही की जावेगी।

उल्ले खनीय है, कि श्री मुजाल्दान एवं श्री पीएल गेहलोत को लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत फ्लाइंग स्कावाड (एफएस) दल में पुलिस थाना क्षेत्र सिंगोली एवं रतनगढ के लिए पदस्थ किया गया है। गठित दलों का प्रशिक्षण दिनांक 14 मार्च 2024 को कलेक्टोंरेट सभाकक्ष नीमच में आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में उक्त दोनों बगैर सूचना अथवा सक्षम स्वीकृति के अनुपस्थित रहे। इसलिए जिला निर्वाचन अधिकारी व्दारा उक्त कारण बताओं नोटिस जारी किए गए है।

# राजनैतिक दल आदर्श आचरण संहिता का कड़ाई से पालन करें-जैन

## कलेक्टर की अध्यक्षता में राजनैतिक दलों की स्टेंडिंग कमेटी की बैठक सम्पन्न

**नीमच, 16 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** भारत निर्वाचन आयोग ने सभी राजनैतिक दलों तथा अभ्यर्थियों को आदर्श आचरण संहिता का कड़ाई से पालन कराने के निर्देश दिए है। आयोग के निर्देशानुसार किसी भी दल के अभ्यर्थी को ऐसा कोई कार्य नहीं करना चाहिए, जो कि विभिन्न जातियों और धार्मिक या भाषाई समुदायों के बीच विद्यमान मतभेदों को बढ़ाए या घृणा की भावना उत्पन्न करें या तनाव पैदा करें। कलेक्टर एंव जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिनेश जैन ने उक्त जानकारी शनिवार 16 मार्च 2024 को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक में दी और उनसे जिले में आदर्श आचरण संहिता का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करवाने में सहयोग का आग्रह किया है। बैठक में एसपी श्री अंकित कुमार जायसवाल, जिला पंचायत सीईओ श्री गुरूप्रसाद, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री एन.एस.सिसोदिया, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजीव साहू, डॉ. राजेश पाटीदार एवं सहायक रिटर्निंग आफिसर तथा राजनैतिक दलों के अध्यक्ष एवं प्रतिनिधि उपस्थित थे।

**प्रचार के लिए धर्म स्थलों का उपयोग न हो-** बैठक में कलेक्टर श्री जैन ने आदर्श आचरण सहिता के प्रमुख बिन्दुओं से अवगत कराते हुए कहा कि किसी दल या उम्मीदवार द्वारा चुनाव प्रचार में अन्य राजनैतिक दलों की नीतियों की आलोचना, कार्यक्रमों और कार्यो तर्क



ही समिति होना चाहिए। व्यक्तिगत जीवन के ऐसे सभी पहलुओं की आलोचना नहीं करना चाहिए जिसका संबंध अन्य दलों के नेताओं या कार्यकर्ताओं के सार्वजनिक क्रियाकलाप से न हो। मत प्राप्त करने के लिए जातीय या साम्प्रदायिक भावनाओं की दुहाई नहीं दी जानी चाहिए। साथ ही मंदिरों, मस्जिदों, गिरजाघरों या अन्य पूजा स्थलों का निर्वाचन प्रचार के लिए मंच के रूप में उपयोग नहीं होना चाहिए।

**संवेदनशील केन्द्रों पर रहेगी निगरानी:-** बैठक में बताया गया, कि जिले के संवेदनशील मतदान केन्द्रों पर इन्टरनेट एवं वेब कैमरों के माध्यम से कड़ी निगरानी की जाएगी। मतदान के दिन इन केन्द्रों पर न केवल जिलास्तर से बल्कि मुख्य चुनाव आयुक्त तक हर गतिविधियों पर नजर रखी जाएगी। इसके लिए वेब कास्टिंग का कार्य करवाया जा रहा हैं। साथ ही बार्डर चैक पोस्ट पर भी सीसीटीव्ही कैमरे लगाए जा रहे है। सम्पत्ति विरूपण अधिनियम के प्रावधानों की जानकारी देते हुए सभी दलों से उनका पालन सुनिशिचित करने का आग्रह किया गया।

**पेड न्यूज़ पर निगरानी प्रारंभ-** आयोग सख्त-कलेक्टर श्री जैन ने कहा कि जिलास्तरीय मीडिया मानिटरिंग कमेटी द्वारा प्रतिदिन राजनैतिक खबरों और विज्ञापनों की नियमित रूप से समीक्षा की जा रही है। यदि किसी समाचार पत्र में पेड न्यूज पाई गई तो समिति संज्ञान में लेकर उसका खर्च अभ्यर्थी या पार्टी के खाते में जोड़ेगी। इसके अलावा इलेक्ट्रा निक न्यू ज चैनलों की मानिटरिंग के लिए भी दल गठित किए गए है। सोशल मीडिया, केबल नेटवर्क या न्यूज चैनल पर विज्ञापन देने से पहले अभ्यर्थी को जिलास्तरीय समिति से प्रमाणन प्राप्त करना अनिवार्य होगा।

**भ्रष्ट आचरण से बचे-** जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जैन ने सभी दलों के प्रतिनिधियों से कहा है, कि वे ऐसे कार्यों र्से बचें जो निर्वाचन विधि के अधीन भ्रष्ट आचारण और अपराध हो जैसे मतदाताओं को रिश्वत देना, मतदान केन्द्र के 100 मीटर के भीतर मत सत्यापन करना, मतदान की समाप्ति के लिए नियत समय को समाप्त होने वाली 24 घन्टे के दौरान सामाजिक सभाएं करना और मतदाताओं को सवारी से मतदान केन्द्रों तक ले जाना और वहां से वापस लाना।

**सभा एवं जुलूस की अनुमति जरूरी:-** मास्टर ट्रेनर्स डा. राजेश पाटीदार ने कहा कि राजनैतिक दलों या अभ्यर्थियों को किसी व्यक्ति के विचारों या कार्यों र्का विरोध करने के लिए उनके घरों के सामने प्रदर्शन आयोजित करने या धरना देने के तरीकों का सहारा, किसी भी परिस्थिति में नहीं लेना चाहिए। दलों और अभ्यर्थियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए, कि उनके समर्थक अन्य दलों द्वारा आयोजित सभा स्थल से होकर जुलूस नहीं ले जाना चाहिए, जिन स्थानों पर दूसरे दल द्वारा सभाएं की जा रही हो। किसी प्रस्तावित सभा के स्थान और समय के बारे में सक्षम प्राधिकारियों को उपयुक्त समय पर सूचना देना जरूरी होगा। जहां सभा करने का प्रस्ताव है, वहां कोई प्रतिबंधात्मक आदेश हो, तो उसका कड़ाई से पालन करना आवश्यक है। यदि कोई छूट अपेक्षित हो, तो दल या अभ्यर्थी को संबंधित सक्षम प्राधिकारी के पास आवेदन देकर अनुमति प्राप्त कर लेनी चाहिए। प्रस्तावित सभाओं में लाउडस्पीकर की अनुमति लेना भी जरूरी है। जुलूस का आयोजन करने वाले दल या अभ्यर्थी को पहले ही यह तय कर लेना चाहिए कि जुलूस किस समय और किस स्थान से शुरू होगा और किस मार्ग से होकर जाएगा। जुलूस का इंतजाम भी ऐसे ढंग से करने के निर्देश दिए गए कि यातायात में कोई रुकावट या बाधा उत्पन्न न हो।

**निर्वाचन प्रक्रिया की दी जानकारी-** मास्टर टेनर्स डॉ.राजेश पाटीदार ने आमसभा, जुलूस आदि की अनुमति लेने, निर्वाचन व्यय लेखे के संधारण, चुनाव अवधि के दौरान आचरण प्रचार वाहनों पर लाउड स्पीतकर के उपयोग, सभाओं और जुलूस संबंधी निर्देश मतदान के 48 घन्टे पूर्व जनसभाओं, लाउड स्पीकर के उपयोग, संबंधी निर्देश, नाम निर्देश पत्र प्रस्तुत करने की प्रक्रिया, मतदान अभिकर्ता की नियुक्ति, विज्ञापन का प्रचार सामग्री का मुद्रण, शासकीय स्थानों पर पोस्टर, बैनर, नारा लेखन आदि बिन्दुओं पर विस्तार से जानकारी दी। बैठक में सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की शंकाओं, जिज्ञासाओं और प्रश्नों का समाधान भी किया गया।

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 3 | 2200 | 2301 |
| उड़द | 2 | 7000 | 7000 |
| सोयाबीन | 2808 | 3500 | 4695 |
| गैहु | 10500 | 22350 | 2852 |
| चना | 1168 | 4801 | 5692 |
| मसुर | 140 | 5161 | 5881 |
| धनिया | 424 | 6000 | 7450 |
| लहसुन | 25300 | 5500 | 13700 |
| मैथी | 1805 | 5511 | 6350 |
| अलसी | 1064 | 4801 | 5401 |
| सरसो | 598 | 4605 | 4925 |
| तारामीरा | 0000 | 0000 | 0000 |
| इसबगोल | 16 | 14911 | 16802 |
| प्याज | 325 | 811 | 1561 |
| कलोंजी | 27 | 16899 | 19122 |
| डॉलर | 11 | 7215 | 8001 |
| तिल्ली | 0000 | 0000 | 0000 |
| मटरसुखी | 2 | 4000 | 4000 |
| असालीया | 237 | 6900 | 7523 |





# खाटूश्याम के दरबार मे उमड़ रहा भक्तों का सैलाब

## मेले में डंकी शो के जरिए दिया जा रहा है साक्षरता का संदेश

**मंदसौर, 16 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** शहर के संजीत रोड स्थित श्री खाटूश्याम मंदिर परिसर में दैनिक गुरु एक्सप्रेस के तत्वावधान में चल रहे फाल्गुन मेले में शहर सहित दूरदराज से भक्त आ रहे है। भक्तो द्वारा भगवान के दर्शनों के साथ मेले का आनंद लिया जा रहा है। फाल्गुन मेला इन दिनों पूरे शबाब पर है। मेले में इस वर्ष पहली बार मंदसौर शहर में साक्षर प्यारेलाल डंकी शो रखा गया है। डंकी प्यारेलाल शो के संचालक किशन सिंह का कहना है कि जब गधे पढ सकते है तो इंसान क्यों नहीं...?

श्री खाटूश्याम फाल्गुन मेले में इस वर्ष डंकी शो चला रहे 67 वर्षीय कलाकार किशन सिंह का कहना है की वह इस शो के जरिये साक्षरता अभियान का संदेश दे रहे है। जब महामूर्ख समझे जाने वाला गधा पढ़ सकता है, सीख सकता है और अपनी छठी इंद्री को विकसीत कर सकता है तो इंसान क्यो नही शिक्षित हो सकता है। डंकी शो में प्यारेलाल नामक गधा इतनी हैरत अंगेज सवालों के जवाब देता है की दर्शको को दांतों तले उंगली दबाने पर विवश होना पड़ता है। जैसे आंखों पर पट्टी बंधी होने पर भी जो लिखा होता है वो बता देता है, प्यारेलाल हिंदी-अंग्रेजी दोनो शब्दो के साथ जोड और घटाव के सवालों के भी सही सही जवाब दे देता है।

### अनेक कलाओ में पारंगत है किशन सिंह...

डंकी शो के संचालक किशन सिंह जन्मजात कलाकार है। उन्होंने बताया की गधे को सिखाने का कार्य वे 1986 से कर रहे है। अभिताभ बच्चन अभिनीत अजूबा फिल्म और फरिश्ते फिल्म में भी उनके सिखाये गधे ने ही काम किया था। प्यारेलाल बहुत प्रवीण गधा है और इस कहावत को गलत साबित करता है की गधे महामूर्ख होते है। उन्होंने कहा कि प्यारेलाल को उन्होने बाहरी ज्ञान दिया था, वहीं उसकी छठी इंद्री स्वयं विकसित हुई है। जिससे वह सभी सवालों के सही जवाब दे देता है।

प्यारेलाल पड़ना जानता है, और व्यक्ति के हावभाव देखकर उसके स्वभाव का पता लगा लेता है। किशन सिंह अपने इस प्यारेलाल के साथ देश में अनेक शो कर चुके है। श्री खाटू श्याम के षष्ठम मेले में छोटे झूले, मनिहारी, कटलरी, क्रॉकरी की दुकानें, चिकन सिल्क के कपड़े, खाना खजाना की दुकानें सजी है। 11 मार्च से शुरू हुए 12 दिवसीय मेले का समापन 22 मार्च को होगा।

इस अवसर पर खाटू श्याम मंदिर के संस्थापक ठाकुर अर्जुन सिंह राठौर एवं आपकी धर्म पत्नी श्रीमती प्रेम कुँवर राठौर की स्मृति में ठाकुर अर्जुन सिंह राठौर चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा 1 क्विंटल पोहे का वितरण 20 मार्च को किया जाएगा। यह जानकारी मेला समिति के आयोजक शैलेन्द्र सिंह राठौड़ एवम आशीष नवाल ने दी। उन्होंने धर्मप्रेमियों से आग्रह किया है की सभी कार्यक्रमों एवम मेले में आकर धर्म लाभ तथा आनंद ले।

### पश्चिमी विक्षोभ से बेअसर जिला

**मंदसौर, 16 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के असर से 19 मार्च तक मौसम बदला हुआ रहेगा। लेकिन, मंदसौर अंचल में इसके असर की संभावना कम है। हालांकि, हल्के बादल छाए रह सकते हैं। इसके बाद 20 मार्च की रात से एक और पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की संभावना बन रही है। इसका भी असर प्रदेश में रहने की संभावना है।

वर्तमान में जिले में अधिकतम तापमान 31 डिग्री और न्यूनतम तापमान 15 डिग्री के आसपास बना हुआ है। मौसम विज्ञान केंद्र भोपाल के सीनियर वैज्ञानिक डॉ. वेदप्रकाश सिंह ने बताया कि अभी उत्तरी ओडिशा के ऊपर से छत्तीसगढ होते हुए विदर्भ तक ट्रफ लाइन गुजर रही है। इस कारण दक्षिण-पश्चिमी हवाएं अरब सागर से नमी ला रही है। दक्षिण-पूर्वी हवाएं बंगाल की खाड़ी से मध्यप्रदेश के पूर्वी हिस्से में भी नमी ला रही है। इस वजह से बारिश, ओले और तेज आंधी चल सकती है। जबलपुर संभाग के सभी जिलों में ओलावृष्टि और बारिश होगी। पूर्वी हिस्से में मौसम बदला रहेगा।



# मंदसौर संसदीय क्षेत्र में 13 मई को होगा मतदान

## 18 लाख 92 हजार 12 मतदाता 2 हजार 151 मतदान केंद्रों से करेंगे मतदान, कलेक्टर, एसपी की राजनीतिक दलों एवं प्रेस के साथ बैठक संपन्न

**मंदसौर, 16 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए आदर्श आचरण संहिता लागू होने के पश्चात कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिलीप कुमार यादव एवं पुलिस अधिक्षक श्री अनुराग सुजानिया ने प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से सभी पत्रकारों को जानकारी प्रदान की। जानकारी देते हुए कहा कि मंदसौर लोकसभा क्षेत्र 23 के लिए 13 मई को मतदान होगा। 18 अप्रैल को नोटिफिकेशन जारी होगा। 25 अप्रैल नॉमिनेशन का अंतिम दिन होगा। 26 अप्रैल के दिन स्क्रुटनी की जाएगी एवं 29 अप्रैल तक अभ्यर्थी अपना नाम वापस ले सकेंगे। 13 मई के दिन मतदान होगा एवं 4 जून को मतगणना होगी। 6 जून को आदर्श आचरण संहिता समाप्त हो जायेगी। नाम दाखिल करने का कार्य मंदसौर जिला मुख्यालय पर हो होगा। मंदसौर लोकसभा क्षेत्र में कुल आठ विधानसभा क्षेत्र शामिल है। जिसमें 13 मई के दिन 18 लाख 92 हजार 12 मतदाता 2 हजार 151 मतदान केंद्रों से अपने मत का प्रयोग कर सकेंगे। 18 लाख 92 हजार 12 मतदाताओं में पुरुष मतदाता 9 लाख 55 हजार 347 है एवं महिला मतदाता 9 लाख 36 हजार 639 है। साथ ही थर्ड 26 जेंडर मतदाता है।

राजनीतिक दलों की बैठक एवं प्रेस वार्ता के दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री कुमार सत्यम, अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल, एआरओ श्री परमार, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, पत्रकार मौजूद थे। कलेक्टर, एसपी द्वारा सभी को जानकारी देते हुए बताया कि आज से आदर्श आचरण संहिता प्रभावी हो गई है। आचरण संहिता के नियमों का अच्छे से अध्ययन करें। उनका अक्षरसः पालन करें। ईवीएम मशीनों का लगातार प्रदर्शन चल रहा है। इसके साथ ही मतदान प्रतिशत बढाने के लिए मतदाता जागरूकता का कार्य लगातार चल रहा है। मतदाता को जागरूक करने में मीडिया की बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका होती है। मतदान केंद्रों पर आधारभूत सुविधा में कुछ कमी हो तो प्रशासन को बता सकते हैं। उनको समय रहते दूर किया जाएगा। अगर एमसीसी का उल्लंघन पाया जाता है, तो वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। तीन दिवस तक लगातार संपत्ति विरूपण की कार्यवाही चलेगी। शिकायतों के लिए जिला स्तर पर कंट्रोल रूम बनाया गया है। इसके साथ ही प्रत्येक विधानसभा स्तर पर भी कंट्रोल रूम बनाया गया है। सोशल मीडिया पर गलत खबरें डालने से बचना चाहिए। कोई भी खबर हो उसकी प्रामाणिकता के बाद ही सोशल मीडिया पर भेजी जाए।

# विद्युत मोटर चोरी के मामले में नाबालिग सहित 4 गिरफ्तार, 1 फरार, कोर्ट ने पुलिस रिमाण्ड पर सौंपा

**पिपलियामंडी, 16 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** स्थानीय पुलिस ने विद्युत मोटर चोरी के मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया। इसमें तीन आरोपियों को कोर्ट ने रिमाण्ड पर सौंपने के आदेश दिए। एक आरोपी के नाबालिग होने पर उसे छोड़ दिया। मामले में एक आरोपी फरार है। पुलिस ने चोरी गई विद्युत मोटर इसमें प्रयुक्त वाहनों को भी जब्त किया। जानकारी के अनुसार बही पार्श्वनाथ निवासी दुलीचन्द पाटीदार ने शुक्रवार को पिपलियामंडी पुलिस थाने पर शिकायत दर्ज कर बताया कि वह 14 मार्च को रात्रि में कुए पर मोटर चलाने गए, तभी देखा कि खेत के पास एक मोटर साइकल खड़ी थी, जिस पर दो लोग सवार थे। इन्होंने मेरे कुए में लगी 5 हार्स पावर की विद्युत मोटर निकाल ली थी। मेरे आते ही वे बाइक से भागे, मैंने पीछा कर देखा तो बाइक का नम्बर एमपी 14 जेडसी 6696 था। बाइक वालों ने उक्त मोटर व पाइप लाइन को हाईवे मार्ग पर खड़े सफेद रंग के टेम्पो एमपी 14 एलसी 0742 में रख दिया, टेम्पो का ड्राइवर टेम्पो लेकर भाग गया। वहीं बाइक सवार भी भाग निकले। शिकायत पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पिपलियामंडी फाटक मोहल्ला निवासी कमलेश पिता मुकेश कूचबन्दा, रितिक पिता शेरुलाल कूचबन्दा व बन्टी पिता मदनलाल कूचबन्दा सहित एक नाबालिग को पकड़ा। सख्त से पूछताछ के दौरान आरोपियों ने विद्युत मोटर चोरी करना स्वीकारा। पुलिस ने गिरफ्तार तीनों आरोपियों को शनिवार को नारायणगढ़ कोर्ट में पेश किया, जिन्हें एक दिन पुलिस रिमाण्ड पर सौंपने के आदेश दिए। वहीं एक आरोपी फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है।

# कानून एवं व्यवस्था को लेकर प्रतिबंधात्मक आदेश जारी

**मंदसौर, 16 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** लोकहित को दृष्टिगत रखते हुए लोकसभा निर्वाचन 2024के दौरान कानून एवं व्यवस्था सामान्य बनाए रखने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिलीप कुमार यादव ने दंड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के तहत प्रदत्?त शक्तियों का प्रयोग करते हुए प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं। मंदसौर जिले की सीमा में कोई भी व्यक्ति आग्नेय शस्त्रों (फायर आर्म्स), घातक अस्त्र-शस्त्र जैसे बंदूक, पिस्तौल, रिवाल्वर, बल्लम, खंजर, शमशीर या अन्य किसी भी प्रकार के घातक हथियार जिनसे जनसाधारण को चोट पहुंच सकती है या जिसके प्रयोग से लोकहित को खतरा हो सार्वजनिक रुप से प्रदर्शित नहीं कर सकेगा, चाहे वह व्यक्ति लाइसेंस धारी ही क्यों न हो। कोई भी व्यक्ति अथवा संप्रदाय या समूह संबंधित अनुविभागीय दंडाधिकारी/संबंधित कार्यपालिक दंडाधिकारी से 24 घंटे पूर्व वैधानिक अनुमति प्राप्त किए बगैर किसी भी स्थान पर आमसभा, धरना, रैली, प्रदर्शन एवं बंद ना तो आयोजित करेगा और ना ही इसके लिए प्रचार-प्रसार करेगा। ऐसी आमसभा, धरना, रैली या बंद में विस्फोटक पदार्थ लेकर उपस्थित नहीं होगा। संबंधित अनुविभागीय अधिकारी/अनुविभागीय दंडाधिकारी/सहायक रिटर्निंग ऑफिसर अपने क्षेत्राधिकार में ध्वनि विस्तारक यंत्र तथा प्रचार-प्रसार हेतु वाहन की अनुमति प्रदान करेंगे। यह आदेश लोकसभा निर्वाचन 2024के कर्तव्य के लिए तैनात समस्त कार्यपालिक मजिस्ट्रेट/पुलिस/विशेष पुलिस अधिकारी (सी.आई.एस.एफ.), बीएसएफ या सुरक्षा बल, जिन्हे जिला मजिस्ट्रेट/पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्वाचन कर्तव्य के लिए तैनात किया गया है उन पर लागू नहीं होगा। यदि कोई व्यक्ति उपयुक्त आदेश का उल्लंघन करेगा तो वह भारतीय दंड संहिता 1860 की धारा 188 के अंतर्गत अपराध का दोषी होकर उसे विधि के प्रावधानों के तहत अभियोजित किया जाएगा। यह आदेश सर्वसाधारण को संबोधित है और चूंकि इसकी तामिली प्रत्येक व्यक्ति पर सम्यकरूपेण करना और उसकी सुनवाई संभव नहीं है। दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144(2) के अंतर्गत यह आदेश एकपक्षीय रूप से पारित किया जाता है।

### जिले के सभी शस्त्र लाईसेंसधारी अपने शस्त्र तत्काल संबंधित थाने में जमा कराऐं

**मंदसौर, 16 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिलीप कुमार यादव ने आदेश जारी कर, सम्पूर्ण मंदसौर जिले में सभी लायसेंसधारियों के शस्त्र लायसेंस 06 जून 2924 तक के लिए तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिए है। लायसेंस मेंदर्ज शस्त्र सम्बंधित पुलिस थानों में तत्काल जमा कराना अनिवार्य होगा। यह आदेश लोकसभा निर्वाचन 2024 के कर्तव्या के लिए तैनात समस्त कार्यपालिक मजिस्ट्रेट/ पुलिस/विशेष पुलिस अधिकारी (सी.आई.एस.एफ), बीएसएफ या सुरक्षा बलों, नगर सैनिक बल जिन्हेन जिला मजिस्ट्रेट/पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्वाचन कर्तव्यप के लिए नियुक्ति किया गया हैउन पर लागु नही होगा। यह भी स्पष्ट किया जाता है कि मंदसौर राजस्व जिले में स्थित राष्ट्रीयकृत बैंकोंमें तथा औद्योगिक संस्थानों, कोषालय की सुरक्षा में तैनात सुरक्षा बल आदिपर यदि आग्रेय शस्त्र हो तो उन पर भी आदेश लागू नहीं होगा। इस आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्ति के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा 188 के अंतर्गत कार्यवाही की जाएगी।

### मारपीट के मामले में 4 पर प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 16 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** मारपीट के मामले में 4 आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज किया। आक्यापालरा निवासी फकीरचन्द भाटी ने नारायणगढ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि रात्रि में दशरथ पिता कारुलाल व अशोक पिता जगन्नाथ भाटी आए और बोले कि तुम्हारी वजह से हमारी बहन चली गई थी। मैंने इंकार किया तो दोनों ने मारपीट शुरु कर दी। इस दौरान दिनेश पिता पप्पू भाटी व चन्दनखेड़ा निवासी अनिल बावरी भी आ गए। चारों ने मारपीट की। बीच-बचाव कने आए मेरे बेटे राहुल, बेटी ममता, पत्नी रेखाबाई से भी मारपीट की। जिनके भी कई जगह चोंटे आई। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया।



## व्यापारियो ने सड़क पर सब्जी फेंककर लगाया जाम

**शामगढ़, 16 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** नगर में पिछले 3 दिनों से कृषि उपज मंडी में बंपर फसल आवक के चलते गरोठ रोड पर यातायात बाधित हो रहा है। मंडी में पिछले 3 दिनों से किसान अपनी फसल लेकर आ रहे हैं और वाहनों के माध्यम से कतार में लगे हुए हैं। तीन दिन पहले मंडी के पीछे का गेट भी खोला गया था। लेकिन, बाद में वह बंद कर दिया गया। दोपहर 2 बजे तक वाहनों की कतार गरोठ रोड पर देखी जा रही है। शनिवार को तो सब्जी मंडी आड़तियों ने कृषि उपज मंडी में नियत स्थान पर नीलामी की जगह नहीं मिलने की स्थिति में सब्जी फसल की नीलामी बोली बंद कर दी। गुस्साए कुछ किसानों ने रोड पर ही फसल फेंक दी। सब्जी आड़तियों ने गरोठ रोड पर सुबह-सुबह चक्का जाम के हालात पैदा कर दिए।

### रास्ते की नपती के दौरान मारपीट

**पिपलियामंडी, 16 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** खेत के रास्ते की नपती करने के दौरान मारपीट करने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया। गर्रावद निवासी खुमानसिंह पिता रुपसिंह सौंधिया ने नारायणगढ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि मेरे खेत का रास्ता दिए जाने को लेकर संजीत नायब तहसीलदार ने आदेश पारित किया था। इसी को लेकर गठित दल रास्ता देने के लिए नपती करने आया था। इस दौरान विक्रमसिंह पिता जुझारसिंह लालसिंह पिता मदनसिंह व मुन्नाबाई पति जुझारसिंह आए गाली-गलौज की। तीनों ने मेरी भतीजजी विनिता पर पत्थर बरसाए, जिससे चोंटे आई। पुलिस ने तीनों आरोपियों पर केस दर्ज किया।

### ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर रहेगा प्रतिबंध

**मंदसौर, 16 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** लोकसभा निर्वाचन 2024अवधि के दौरान कोलाहल पर नियंत्रण बनाए रखना लोकहित में आवश्यक है। इस संबंध में मप्र कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 की धारा 10 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिलीप कुमार यादव ने जिला मंदसौर की परिधि में निर्वाचन सम्पन्न होने तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग के संबंध में प्रतिबंधात्मक आदेश पारित किया है। निर्वाचन अवधि के दौरान ध्वनि विस्तार यंत्रों का उपयोग प्रतिबंधित रहेगा। निर्वाचन प्रचार के समय ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग करने के लिए विधिवत अनुमति संबंधित अनुविभागीय दंडाधिकारी/कार्यपालकदंडाधिकारी से लेना होगी। सर्वोच्च न्यायालय निर्णित रिटपिटिशन (सिविल) क्रमांक 72/98 में ध्वनि प्रदूषण के नियंत्रण के संबंध में पारित आदेश दिनांक 18 जुलाई 2005 का पालन सुनिश्चित किया जाना होगा। ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग हेतु ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में सुबह 6 से रात्रि 10 बजे तक की अवधि के लिए ही अनुमति प्रदान की जाएगी।

### खाटूश्याम बाबा की भव्य फाग यात्रा आज

**मंदसौर, 16 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** आज 17 मार्च 2024 रविवार को नगर में खाटुश्याम बाबा की भव्य फाग यात्रा धूमधाम से सभी धर्म प्रेमियो द्वारा निकाली जायेगी। श्री श्यामसखा मित्र मंडल मंदसौर ने बताया कि फाग यात्रा में भक्तजन बाबा के साथ गुलाल की होली खेलेगे। फाग यात्रा का विषेष आर्कषण बाबा की शाही सवारी रहेगी। वहीं दिल्ली की झांकियां, राधा कृष्ण झांकी, अघोरी नाथ की झांकी, राम मंदिर की झांकी ,उज्जैन के ताशे, मंदसौर के ताशे, उज्जैन की डमरू पार्टी, महाकाल की तोप, डीजे ,घोडे, बग्घी , अन्नपुर्णा ढोल पार्टी, फूल वर्षा, इत्र वर्ष आदि आकर्षण का केन्द्र रहेंगे और सबसे प्रमुख आकर्षण 3000 किलो गुलाल जो कि सभी प्रेमियो को बाबा के साथ होली खेलने के लिए लाया गया है। श्री श्यामसखा मित्र मंडल मंदसौर ने सभी धर्मप्रेमियों से निवेदन किया है कि शहर के सभी समाज, सभी वर्ग, श्याम बाबा की फाग यात्रा में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पधारे अपने मित्रों रिश्तेदारों को भी मंदसौर यात्रा में बुलाये।

### सेक्टर अधिकारियों का प्रशिक्षण आज

**मंदसौर, 16 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** नोडल अधिकारी प्रशिक्षण लोकसभा निर्वाचन मंदसौर द्वारा बताया गया कि लोकसभा निर्वाचन 2024 के संबंध में सेक्?टर अधिकारियों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया है। प्रशिक्षण 17 मार्च को प्रात: 10 बजे कुशाभाऊठाकरे ऑडिटोरियम मंदसौर में आयोजित किया जाएगा।

# मतदाता से 01संपर्क कर हर बूथ पर 370 वोट बढ़ाने के लक्ष्य को भी प्राप्त करना है-उपाध्याय

**मंदसौर/नीमच, 16 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार लगातार देश का विकास कर रही है। प्रधानमंत्री के दस वर्ष के कार्यकाल में अनेकों ऐसी उपलब्धियां हैं, जिन्हें जनता तक हमें पहुंचाना है। प्रधानमंत्री के दस वर्ष के कार्यकाल की उपलब्धियां जनता तक पहुंचाने के लिए घर-घर संपर्क करने के साथ सोशल मीडिया का सहारा भी लेना चाहिए। एक-एक मतदाता से संपर्क कर हर बूथ पर 370 वोट बढ़ाने के लक्ष्य को भी प्राप्त करना है। बूथ विजय अभियान चल रहा है, उसके बाद भी भाजपा कार्यकर्ता गांव-गांव, घर-घर संपर्क कर भाजपा सरकार की उपलब्धियां जनता को बताकर नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए वोट देने का आह्वान करें। यह बात लोकसभा चुनाव के सह प्रभारी सतीश उपाध्याय ने शनिवार को मंदसौर में मंदसौर लोकसभा क्षेत्र प्रबंधन व संचालन समिति की बैठक को संबोधित करते हुए कही। उपाध्याय ने मंडल, कोर कमेटी की बैठक भी ली।

लोकसभा चुनाव के प्रदेश सह प्रभारी सतीश उपाध्याय ने लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति के विविध आयामों से जुडे दायित्ववान कार्यकर्ताओं से चर्चा कर लोकसभा चुनाव में ऐतिहासिक बहुमत से पार्टी को जिताने के लिए कार्य करने का आह्वान किया। प्रबंधन समिति के कुल 30 विविध आयामों से जुडे दायित्ववान कार्यकर्ताओं से विस्तृत चर्चा करते हुए प्रचार प्रसार, बुथ प्रबंधन, बुथ विजय संकल्प अभियान, 370 मत वृद्धि का लक्ष्य निर्धारण, सोशल मीडिया, मीडिया प्रबधन, वाहन व्यवस्था, प्रवासी कार्यकर्ता सम्बन्धी व्यवस्था, विभिन्न समाजों की बैठके, महिलाओं की बैठके आयोजित कर प्रधानमंत्री द्वारा महिला सशक्तिकरण के लिये किये गये कार्यो से अवगत कराने, श्री राम मंदिर निर्माण, कश्मीर से धारा 370 की समाप्ति, चन्द्रयान की सफलता, अर्थ व्यवस्था में सुधार सहित कई विषयों पर विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान करते हुए बुथ स्तर पर एक एक मतदाता तक पंहुचने का आव्हान किया। उपाध्याय ने बूथ प्रबंधन, बूथ विजय अभियान, हर बूथ पर 370 वोट बढ़ाने के लिए घर- घर संपर्क करने और केंद्र व मध्यप्रदेश सरकार के कल्याणकारी कार्यों को जनता तक पहुंचाने के संबंध में चर्चा की। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष एवं उज्जैन संभाग प्रभारी जीतू जिराती, लोकसभा प्रभारी देवीलाल धाकड़, लोकसभा सहसंयोजक बजरंग पुरोहित, लोकसभा प्रत्याशी सुधीर गुप्ता, राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर मंदसौर जिले के जिला संगठन प्रभारी गोपीकृष्ण नीमा, नीमच जिलाध्यक्ष पवन पाटीदार, मंदसौर नानालाल अटोलिया, मंचासीन थे। साथ ही बैठक में संसदीय क्षेत्र के विधायक ओमप्रकाश सकलेचा, हरदीप सिंह डंग, डॉ. राजेन्द्र पांडे, दिलीप सिंह परिहार, चन्दरसिंह सिसौदिया, माधव मारू, पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसौदिया, पूर्व मंत्री कैलाश चावला, जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्गा विजय पाटीदार, भाजपा पिछ्डा मोर्चा अध्यक्ष धीरज पाटीदार, युवा मोर्चा अध्यक्ष सुनील पटेल, पूर्व विधायक राधेश्याम पाटीदार, निर्मला गुप्ता, रमादेवी गुर्जर ने किया।

# महाविद्यालय के विकास के लिए हम निरंतर प्रयासरत

## जन भागीदारी समिति अध्यक्ष नरेश चंदवानी ने पत्रकार वार्ता में दी प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस योजना के तहत मिली उपलब्धियों की जानकारी

**मंदसौर, 16 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के सर्वांगीण विकास के लिए हम निरंतर प्रयासरत हैं। हमने शैक्षणिक गतिविधियों सहित महाविद्यालय के संपूर्ण विकास हेतु कार्य योजना तैयार की है। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस योजना में शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय का चयन हमारे लिए एक बड़ी उपलब्धि है। इसके तहत हमें अनेक सौगातें प्राप्त हुई है। निकट भविष्य में महाविद्यालय में और अधिक सुविधाये बढ़ेगी, जिसका लाभ विद्यार्थियों को प्राप्त होगा। यह जानकारी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष श्री नरेश चंदवानी ने दी। श्री चंदवानी शनिवार को महाविद्यालय प्राचार्य कक्ष में पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे।

श्री चंदवानी ने बताया कि राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नेक) के अवलोकन दौरे के लिए हम पूरी तरह तैयार हैं। हमारा पूरा प्रयास है कि महाविद्यालय को ए .ग्रेड प्राप्त हो। महाविद्यालय परिसर में भारत रत्न पंडित अटल बिहारी वाजपेई परिसर को सुसज्जित किये जाने हेतु मास्टर प्लान तैयार किया गया है। इस मास्टर प्लान से परिसर में लेवलिंग, ट्री प्लांटिंग,



फाउंटेन, लाइटिंग, पेवर ब्लॉक आदि कार्य होंगे। श्री चंदवानी ने बताया कि प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस योजना के तहत महाविद्यालय को तीन नए संकाय और विभिन्न पदों पर स्वीकृतियां प्राप्त हुई है। महाविद्यालय को बायोटेक्नोलॉजी, कंप्यूटर साइंस एवं मनोविज्ञान संकाय की स्वीकृति प्राप्त हुई है। जबकि समाजशास्त्र में दो दर्शनशास्त्र में एक मनोविज्ञान में एक भूगर्भ शास्त्र में तीन वनस्पति शास्त्र में एक प्राणी शास्त्र में एक बायोटेक्नोलॉजी में पांच टर्म कंप्यूटर साइंस में पांच सहायक पर अध्यापक पदों की स्वीकृति भी मिली है। इस तरह अकादमी के स्तर पर 19 शैक्षणिक पदों की स्वीकृति प्राप्त हुई है। जबकि प्रयोगशाला तकनीशियन दो, प्रयोगशाला परिचारक दो एवं कंप्यूटर ऑपरेटर का एक पद स्वीकृत किया गया है। श्री चंदवानी ने बताया कि प्रशासनिक भवन के प्रथम तल का निर्माण कार्य भी पूर्ण हो गया है। महाविद्यालय के विभिन्न ब्लाकों का नामकरण महापुरुषों के नाम पर किया गया है। महाविद्यालय में बैचलर ऑफ फिजिकल एजुकेशन कोर्स प्रारंभ किया गया है। यह कोर्स नीमच से लेकर उज्जैन तक किसी भी शासकीय महाविद्यालय में नहीं है। यह एक रोजगारन्मुखी कोर्स है। मेरी माटी मेरा देश अभियान के अंतर्गत अमृत वाटिका का निर्माण भी महाविद्यालय में किया गया है। श्री चंदवानी ने प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के तहत मिली स्वीकृतियों के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव, उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा, उच्च शिक्षा मंत्री श्री इंद्र सिंह परमार, सांसदद्वय श्री सुधीर गुप्ता, श्री बंशीलाल गुर्जर एवं तत्कालीन विधायक श्री यशपाल सिंह सिसोदिया के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# पिकअप से पौने सात क्विंटल से ज्यादा मादक पदार्थ जप्त

## सीबीएन की कार्रवाई, आरोपी फरार, पिस्टल भी मिली

**मंदसौर, 16 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** शामगढ़ के ग्राम पिछला के पास बसई-मेलखेड़ा रोड से केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो मंदसौर की टीम ने पौने सात क्विंटल से ज्यादा डोडाचूरा जब्त किया है। टीम को यहां से एक पिस्तौल और बाइक भी मिली है। जबकि, आरोपी मौके से भागने में सफल हो गए।

सीबीएन अधिकारियों ने बताया कि मुखबीर सूचना से पता चला कि एक महिंद्रा पिकअप से मध्य प्रदेश के शामगढ़ क्षेत्र से राजस्थान में डोडाचूरा ले जाया जाएगा। सूचना पर सीबीएन मंदसौर के अधिकारियों की एक टीम का गठन किया गया। संदिग्ध मार्ग पर निगरानी बढा दी गई। निवारक दल को देखकर पिकअप में सवार लोगों ने ग्राम पिछला के पास एक पिकअप को छोड़ दिया और अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे। पिकअप की गहनता से तलाशी ली गई, जिसके परिणामस्वरूप संतरे के ढके हुए माल के नीचे 688.300 किलोग्राम वजनी डोडाचूरा के कुल 34 बैग बरामद हुए। पिकअप से 3 जिंदा कारतूस के साथ एक पिस्तौल भी बरामद की गई। यहां से एक बाइक भी मिली। कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद बरामद पोस्ता स्ट्रॉ, महिंद्रा पिकअप, कवर कार्गो, जिंदा राउंड के साथ पिस्तौल और एक मोटरसाइकिल को एनडीपीएस अधिनियम, 1985 के प्रावधानों के तहत जब्त कर लिया गया है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत कयामपुर जनपद पंचायत सीतामऊ, जिला मंदसौर (म.प्र.)**

क्रमांक / पंचा/2024 दिनांक 16 मार्च 2024

**हॉट नीलामी विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण एवं इच्छुक व्यक्तियों को विज्ञप्ति द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कयामपुर मे प्रति बुधवार लगने वाला हाट बाजार का पशु पंजीयन एवं बाजार फीस नीलामी वर्ष 2024-25 का दिया जाना है अतः इच्छुक व्यक्ति दिनांक 20 मार्च 2024 बुधवार को दोपहर 12 बजे पंचायत भवन पर उपस्थित होकर नीलामी की बोली लगा सकते हैं इसके नियम व शर्तें निम्नानुसार है । 1- पशु पंजीयन वह बाजार फीस खुटा रसीद आवक-जावक का ठेका 1 वर्ष की अवधि 1 अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 तक की अवधि रहेगी। 2- सरकारी बोली 151000 रुपये की रहेगी। 3- एडवांस् राशि 30000 जमा करने पर बोली लगाने की पात्रता रहेगी । 4- बोली समाप्त होने के बाद शेष बोली की राशि दो दिवस के बाद वापस की जावेगी । 5-नीलामी की राशि की 50 प्रतिशत राशि तुरंत एक मुस्त जमा करनी होगी अन्यथा बोली निरस्त कर दी जावेगी। 6-स्टेशनरी आदि सामग्री ( रशीद कट्टे) स्वयं ठेकेदार की रहेगी। 7-नियम शर्ते ग्राम पंचायत के अधीन रहेंगे ।

सचिव / सरपंच
ग्राम पंचायत कयामपुर

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्डिया एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in